भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 4003
सोमवार, 30 मार्च, 2026 (9 चैत्र, 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानन अवसंरचना का विस्तार और क्षेत्रीय संपर्क

4003. श्रीमती सीमा द्विवेदी:
श्री केसरीदेवसिंह झाला:
श्री नवीन जैन:
श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े:
डा. कल्पना सैनी:
श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण:
श्री लहर सिंह सिरोया:
श्री बाबू राम निषाद:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार ने यात्री यातायात में तीव्र वृद्धि को देखते हुए हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे की क्षमता का कोई व्यापक आकलन किया है (वित्त वर्ष 2025 में भारतीय हवाई अड्डों ने 412 मिलियन यात्रियों का प्रबंधन किया और वित्त वर्ष 2031 तक इसके बढ़कर 665 मिलियन होने का अनुमान है);
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने देश में हवाई अड्डे के नेटवर्क के विस्तार के लिए, विशेष रूप से आगामी दशकों में कार्यात्मक हवाई अड्डों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि करने के घोषित दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, कोई दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): यातायात वृद्धि को देखते हुए यात्री मांग, परिचालन आवश्यकताओं और एयरलाइन की मांग के आधार पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और अन्य हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा क्षमता में वृद्धि सहित विस्तार कार्य किया जाता है।
पिछले कुछ वर्षों के दौरान, देशभर के कई हवाईअड्डों पर विस्तार परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप यात्री हैंडलिंग क्षमता में प्रति वर्ष 570 मिलियन यात्री से अधिक हो गई है।

विकसित भारत 2047 के उद्देश्यों के अनुसरण में, ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति के तहत ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों का निर्माण, आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत असेवित/अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा मौजूदा हवाईअड्डों का उन्नयन और पीपीपी के माध्यम से निजी निवेश को बढ़ावा दिए जाने के माध्यम से हवाईअड्डों का विकास और विस्तार किया जा रहा है। 25 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है, 13 हवाईअड्डे कार्यशील हैं, और 6 को साइट अनापत्ति मिल गई है। आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत 95 हवाईअड्डों को जोड़ने

वाले 663 मार्गों को कार्यशील किया गया है। संशोधित उड़ान का लक्ष्य 120 नए गंतव्यों को जोड़ना और 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करना है।

******